समाचार

राजस्व मंत्री ने निगम को दी एक बड़ी व यादगार सौगात

(निगम के अत्याधुनिक, वातानुकूलित सभागृह निर्माण कार्य की आधारशिला रखी राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने)

कोरबा 22 अगस्त 2020 –प्रदेश के राजस्व व आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज नगर पालिक निगम कोरबा को बड़ी व यादगार सौगात प्रदान की है, उन्होने निगम के अत्याधुनिक वातानुकूलित सभागृह के निर्माण की आज आधारशिला रखी। यह सभागृह प्रदेश के नगर निगमों में अव्वल सभागृह होगा, जिसमें सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया होगी। सभागृह निर्माण कार्य भूमिपूजन के अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षदगण सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा की पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल के अंतिम सामान्य सभा में अपनी गरिमामयी उपस्थिति के दौरान कोरबा विधायक व प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने निगम के अत्याधुनिक व वातानुकूलित सभागृह का निर्माण कराए जाने की घोषणा की थी तथा इस हेतु राजस्व अधोसंरचना मद से 05 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की थी। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल द्वारा निगम को दी गई इस महत्वपूर्ण सौगात के अंतर्गत प्रथम चरण में 01 करोड़ 59 लाख 30 हजार रूपये की लागत से भवन का निर्माण कराया जाएगा, भवन निर्माण हो जाने के पश्चात सम्पूर्ण भवन को अत्याधुनिक व वातानुकूलित बनाया जाएगा। आज राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त सभागृह निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल के अंतिम सामान्य सभा की बैठक में मैं उपस्थित हुआ तथा मैंने महसूस किया कि निगम का सभागृह जिस स्वरूप में होना चाहिए, वह अभी उस स्वरूप में नहीं है। जिस सभागृह में महापौर, सभापति व पार्षदगण बैठक कर नगर विकास पर चर्चा व विचार करते हुए निर्णय लेते हैं, वह सभागृह भी ऊर्जानगरी कोरबा शहर की गरिमा के अनुरूप होना चाहिए, इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मैंने निगम के अत्याधुनिक व वातानुकूलित सभागृह निर्माण की घोषणा की थी तथा अधोसंरचना मद से 05 करोड़ रूपये की

स्वीकृति दी थी। आज इसके प्रथम चरण में भवन निर्माण का भूमिपूजन किया गया है। उन्होने कहा कि आज गणेश चतुर्थी के शुभमुहूर्त में इस भवन की आधारशिला रखी गई है, आवश्यकता पड़ने पर 05 करोड़ रूपये के अतिरिक्त और भी राशि उपलब्ध कराई जाएगी। निगम के महापौर व अधिकारी इसका विशेष ध्यान देंगे कि सभागृह भवन के निर्माण एवं यहां पर उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहें, कार्य एवं सुविधाओं में उत्तम गुणवत्ता हों तथा सभागृह भवन गरिमापूर्ण स्वरूप में बनें।

राजस्व मंत्री की कार्यशैली हमारे लिए अनुकरणीय– इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल की कार्यशैली एवं नगर विकास के प्रति उनकी संवेदनशीलता हम सभी के लिए अनुकरणीय है। लोगों के दुख, दर्द में द्रवित होना, उनकी यथासंभव सहायता करना, क्षेत्र के नागरिकों को अपने परिवार का सदस्य मानना राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के संस्कार में है एवं उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता है। उन्होने कहा कि निगम को आज जो सौगात राजस्व मंत्री जी द्वारा दी गई है, उसके लिए मैं सभी पार्षद साथियों की ओर से हार्दिक आभार एवं कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ। उन्होने कहा कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कोरबा के विकास में आज तक जो भूमिका निभाई है, वह अपने आप में बेमिशाल है, आगे भी उनके मार्गदर्शन में कोरबा के विकास में नए–नए आयाम स्थापित होंगे, हम सब यह अटल विश्वास रखते हैं। इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि हमें गर्व है कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल जैसा जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र का हितचिंतक हमें मिले हुए हैं, कोई भी मोहल्ला, कोई गली, कोई समाज, ऐसा नहीं है जिनके लिए उनके विधायक मद से विकास कार्य न हुए हों, इसी का परिणाम है कि कोरबा क्षेत्र की जनता ने उन्हें लगातार 03 बार विधायक चुना और आगे भी वह सभी का नेतृत्व करते रहेंगे, यह अटल सत्य है।

सर्वसुविधायुक्त रहेंगा भवन– निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने सभागृह के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि उक्त सभागृह पूर्ण रूप से वातानुकूलित, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त रहेगा, भवन में सभागार के साथ–साथ महापौर कक्ष, सभापति कक्ष, सचिवालय कक्ष, एम.आई.सी.सदस्य व पार्षदों के लिए कक्ष के साथ–साथ सभागार में उत्तम बैठक व्यवस्था, फर्नीचर, हर टेबल पर माईक व्यवस्था, उचित साजसज्जा सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होने कहा कि निगम बनने के 20–21 वर्ष बाद भी निगम का उपयुक्त सभागृह नहीं था, राजस्व मंत्री जी ने इस कमी को दूर किया है, जिसके लिए निगम परिवार उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है।

भूमिपूजन अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव व पार्षद सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, पालूराम साहू, सुखसागर निर्मलकर, प्रदीप जायसवाल, सूरती कुलदीप, कृपाराम साहू, रोपा तिर्की, पार्षद संतोष लांझेकर, दिनेश सोनी, अनुज जायसवाल, शाहिद कुजूर, मस्तुल सिंह कंवर, अजय कुमार गोंड़, जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सत्येन्द्र वासन, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष अजय जायसवाल, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, मुकेश राठौर, मनकराम साहू, देवीदयाल सोनी, राकेश सारथी, एस.मूर्ति, संजय साह, आनंद पालीवाल, राहुल यादव, बंटी शर्मा, पीयूष पाण्डेय, प्रभात डडसेना, अरूण यादव, रवि पी.सिंह, दिलसाद अली, गिरधारी लाल साहू आदि के साथ अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।